पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने स्काउट्स एण्ड गाइड्स को सम्मानित किया

अनुशासन से जीवन व्यवस्थित होता है तथा कार्य क्षमता भी बढ़ती है- श्री नाईक

लखनऊ: 19 अप्रैल, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड प्रादेशिक प्रधान केन्द्र द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश के 18 स्काउट्स एवं 18 गाइड्स को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के प्रशासक एवं पूर्व लोक आयुक्त जस्टिस एस0सी0 वर्मा, प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति के सदस्यों सहित स्काउट एवं गाइड संस्था के मण्डलीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मतदाता जागरूकता अभियान में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड संस्था को भारत निर्वाचन आयोग की संस्तुति पर राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द द्वारा 'राष्ट्रीय सोसायटी आर्गनाइजेशन' पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्काउट एण्ड गाइड संस्था वास्तव में जीवन को दिशा और सेवा का भाव निर्माण करने का स्कूल है। अनुशासन से जीवन व्यवस्थित होता है तथा कार्य क्षमता भी बढ़ती है। भारत स्काउट एवं गाइड संस्था केवल परेड तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज उनकी ओर आशा भरी निगाह से देखता है। 1907 में लाॅर्ड वेडेन पावेल ने जो स्काउट एण्ड गाइड का बीज रोपित किया था वर्तमान में वह वटवृक्ष बन गया। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी में प्रबुद्धता और दूसरों की सहायता करने के गुण विकसित करना चाहिये।

श्री नाईक ने स्काउट एवं गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये सराहना की। उन्होंने बताया कि राजभवन में इसी दृष्टि से विधान सभा चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में सर्वाधिक मतदान वाले केन्द्रों से जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। नगरीय निकाय चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिये गत 14 अप्रैल को आगरा नगर निगम के वार्ड संख्या ट्रांस यमुना के मतदान स्थल 540 गंगा देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय, रामबाग, कक्ष संख्या-2 में 87.82 प्रतिशत मतदान, बरेली की नगरपालिका परिषद-बहेड़ी के वार्ड संख्या-2 गोटिया श्यामाचरन के मतदान स्थल-4 प्राथमिक पाठशाला, शेखूपुर में 92.69 प्रतिशत तथा मेरठ की नगर पंचायत-खिवाई के वार्ड संख्या-7 तेलियोवाला के मतदान स्थल संख्या-9 प्राथमिक पाठशाला संख्या-1 खिवाई में 97.01 प्रतिशत मतदान के लिये सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति सही ढंग से जागरूकता हो तो लोकतंत्र और मजबूत हो सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि 2025 तक भारत विश्व का सबसे युवा देश होगा। उत्तर प्रदेश आबादी की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रदेश है। केवल तीन देश इण्डोनेशिया, चीन और अमेरिका की आबादी उत्तर प्रदेश से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश की आबादी उसकी सबसे बड़ी ताकत है। इस ताकत को सही मार्गदर्शन देने की आवश्यकता है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सर्वशिक्षा अभियान की शुरूआत की थी जिसका नतीजा यह है कि उत्तर प्रदेश के केवल राजकीय विश्वविद्यालय से इस वर्ष 15 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने डिग्री प्राप्त की है, जिसमें 51 प्रतिशत छात्राएं हैं। पदक प्राप्त करने वालों में 66 प्रतिशत पदक छात्राओं को मिले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे युवा प्रदेश के इस चित्र को देंखे और विकास में अपना योगदान दें।

श्री नाईक ने उपस्थित स्काउट एण्ड गाइड को व्यक्तित्व विकास के चार मंत्र बताते हुए कहा कि सदैव मुस्कुराते रहें, दूसरों की सराहना करना सीखें, किसी की अवमानना न करें और अहंकार से दूर रहें तथा हर काम को अधिक अच्छा करने पर विचार करें। उन्होंने 'चरैवेति! चरैवेति!!' को उद्धृत करते हुए कहा कि सफलता का मर्म निरन्तर आगे बढ़ने में है।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के प्रशासक एवं पूर्व लोक आयुक्त जस्टिस एस0सी0 वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

अंजुम/रा0/राजभवन (165/37)

और
समारोह